मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 06.09.2025

साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति को 8700/- रुपया वापस कराई। थाना लालगंज की साईबर टीम-

आवेदक रमाकान्त पुत्र रामचरन शुक्ला नि0 मुरधुरा पोस्ट दुबार कला ,थाना लालगंज जनपद मीरजापुर द्वारा दिनांकः 26.08.2025 को थाना लालगंज के NCRP पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया कि लोन दिलाने हेतु KYC कराने के नाम पर अज्ञात द्वारा ₹ 8700/- की ठगी की गयी। उक्त के सम्बन्ध में थाना लालगंज की साइबर सेल टीम द्वारा जाँच प्रारम्भ की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "सोमेन बर्मा" के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक आपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लालगंज की साईबर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त जाँच के दौरान धनराशि को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में कुल ₹ 8700/- रुपये वापस कराए गये। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारी एवं साइबर क्राइम टीम थाना लालगंज पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। तथा आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी से जागरुक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बताई गई।

साइबर सेल टीम थाना लालगंज-

1.संजय कुमार, थानाध्यक्ष थाना लालगंज, मीरजापुर।

2. क0 आ0 संतोष कुमार थाना लालगंज मीरजापुर

3.का0 कुलदीप पाल थाना लालगंज, मीरजापुर।

****